# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।

पत्रांकः– /अ०आ०वि०/प्रवेश/2025–26 दिनांकः–

## अटल आवासीय विद्यालय, बस्ती मण्डल

**(पता– ग्राम बसेवाराय, ब्लाक परशुरामपुर तहसील हर्रैया, बस्ती)**

**कक्षा–06 एवं कक्षा–09 (सत्र 2025–26) प्रवेश परीक्षा हेतु**

**(आवर्त जनपद–बस्ती/संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर)**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

प्रमुख सचिव,श्रम अनुभाग–2, उ०प्र० के शासनादेश संख्या– I/815712/2024–1703264/श्रम अनुभाग–2 दिनांक 05 दिसम्बर 2024 द्वारा सत्र 2025–26 में अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा–06 एवं कक्षा–09 में छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (S.O.P)का अनुमोदन प्रदान किया गया हैं।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि अटल आवासीय विद्यालय समिति द्वारा अटल आवासीय विद्यालय ग्राम– बसेवाराय तहसील हर्रैया जनपद बस्ती में सत्र 2025–26 हेतु कक्षा–06 में 140 सीटों (70 बालक व 70 बालिकाओं) तथा कक्षा–09 में 140 सीटों (70 बालक व 70 बालिकाओं) पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र किसी भी सामान्य कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक दिनांक 23.12.2024 से दिनांक 25.01.2025 तक संबंधित जनपदों के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय/जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय/मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय/स्थानीय श्रम विभाग के कार्यालयों तथा कार्यालय अटल आवासीय विद्यालय बसेवाराय, बस्ती से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा संबंधित जनपद के एन०आई०सी० की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र समस्त संलग्नकों सहित दिनांक 01.02.2025 की सायं 05:00 बजे तक संबंधित जनपदों के श्रम विभाग के कार्यालय में जमा किया जायेगा। कोविड के कारण अनाथ बच्चे संबंधित जनपदों के जिला प्रोवेशन कार्यालयों में आवेदन पत्र जमा करेंगे।

| क्र० सं० | पात्रता | विशेषताएँ |
|---|---|---|
| 1 | **श्रमिक के बच्चे के लिए:–** ऐसे अद्यतनीकृत रूप में विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 30.11.2024 को कम से कम 03 बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो। ऐसे पंजीकृत श्रमिक के प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होगें। पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन बस्ती मण्डल के आवर्त जनपदों में होना चाहिए। | 1. सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त सह–शैक्षणिक आवासीय विद्यालय।<br>2. इस विद्यालय में शिक्षा का पाठ्यक्रम सी०बी०एस०सी०ई० बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम से नवोदय विद्यालय की भांति किया जायेगा।<br>3. बालक एवं बालिकाओं के पृथक–पृथक छात्रावास। |
| 2 | **अनाथ बच्चे के लिए:–** अनाथ श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए है, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना हेतु ऐसे पात्र बच्चे। | 4. निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन, आवास एवं गणवेश की व्यवस्था।<br>5. बालक एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुभवी अध्यापको के साथ–साथ खेलों की उचित व्यवस्था। |
| 3 | कक्षा– 06 के प्रवेश के लिये अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.05.2013 से पहले तथा 31.07.2015 के बाद की नहीं होनी चाहिये। यह नियम सभी श्रेणी के उम्मीदवारों पर लागू होगा। | 6. हरियाली से परिपूर्ण विद्यालय कैम्पस।<br>7. सुरक्षा के विशेष प्रबंध। |
| 4 | कक्षा– 09 के प्रवेश के लिये अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.05.2010 से पहले तथा 31.07.2012 के बाद की नही होनी चाहिये। यह नियम सभी श्रेणी के उम्मीदवारों पर लागू होगा। | **संलग्न करने हेतु आवश्यक अभिलेख**<br>1. निर्माण श्रमिक होने की दशा में अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक कार्ड। |

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 5 | कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी कक्षा–05 तथा कक्षा 08 में अध्यनरत हो या उत्तीर्ण कर चुका/चुकी हो। | 2. अनाथ होने की दशा में माता या पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र।<br>3. अभ्यर्थी के जन्म प्रमाण पत्र की प्रति।<br>4. अभ्यर्थी के आधार कार्ड की प्रति।<br>5. जाति प्रमाण पत्र की प्रति।<br>6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में आरक्षण हेतु संबंधित प्रमाण पत्र।<br>7. दिव्यांग होने की दशा में निर्धारित प्रमाण–पत्र।<br>8. तीन पासपोर्ट साइज के फोटो |
| 6 | प्रति परिवार के अधिकतम 02 बच्चे ही पात्र होगें। | |
| 7 | सभी वर्गो के लिये आर्थिक रूप से कमजोर तथा दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण नियमानुसार देय होगा। | |

**परीक्षा तिथि:–** 16.02.2025

**परीक्षा का समय:–** प्रात: 11 बजे से अपराह् 01:00 बजे तक। (दिव्यांग छात्रों हेतु 40 मिनट अतिरिक्त देय होगा)

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:–**01.02.2025 सायं 05:00 बजे तक।

**परीक्षा का माध्यम:–** हिन्दी एवं अंग्रेजी।

प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र का अंकन किया जायेगा तथा प्रवेश पत्र संबंधित जनपद के श्रम कार्यालय के माध्यम से दिनांक 10.02.2025 से 15.02.2025 के मध्य वितरित किया जायेगा।

## आरक्षण के अनुसार सीटों का विवरण

| मण्डल का नाम | मण्डल कोड | कक्षा | मण्डल में सीटों का विवरण (बालक) | | | | | | मण्डल में सीटों का विवरण (बालिका) | | | | | | कुल सीट (AAV) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | |
| बस्ती | 14 | 06 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| | | 09 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |

**कक्षा 06 हेतु प्रश्न पत्र (प्रणाली–01)**

| टेस्ट का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|
| मानसिक क्षमता परीक्षण | 40 | 50 | 60 मिनट |
| अंक गणित परीक्षा | 20 | 25 | 30 मिनट |
| भाषा परीक्षण | 20 | 25 | 30 मिनट |
| **योग** | **80** | **100** | **2 घण्टे** |

**कक्षा 09 हेतु प्रश्न पत्र (प्रणाली–02)**

| क्र० | टेस्ट का प्रकार | अंक |
|---|---|---|
| 01 | अंग्रेजी | 15 |
| 02 | हिन्दी | 15 |
| 03 | गणित | 35 |
| 04 | विज्ञान | 35 |
| | **कुल** | 100 |

**नोट:–** 1. किसी भी प्रकार की सहायता हेतु संबंधित जिले के श्रम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

2. प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संबंधित जनपद के जिलाधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

20 DEC 2024

(सुशील कुमार त्यागी)
प्रधानाचार्य,
अटल आवासीय विद्यालय बस्ती

(जयदेव सी०एस०)
मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती/नोडल अधिकारी, प्रवेश परीक्षा,
अटल आवासीय विद्यालय, बस्ती मण्डल।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

(प्रकाशन के लिए नहीं)

पत्रांक:- 1823-31 /अ०आ०वि०/प्रवेश/2025–26 दिनांक:- 20.12.2024

प्रतिलिपि:- <u>निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-</u>

1. श्रम आयुक्त, उ०प्र० जी०टी० रोड कानपुर।
2. आयुक्त, बस्ती मण्डल, बस्ती महोदय।
3. महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय समिति,उ०प्र० लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, बस्ती/संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर।
5. मुख्य विकास अधिकारी संतकबीनगर/सिद्धार्थनगर।
6. उप श्रम आयुक्त,बस्ती मण्डल बस्ती।
7. प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय, बस्ती मण्डल।
8. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बस्ती/संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति संबंधित जनपद की सरकारी बेवसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
9. सहायक निदेशक सूचना, बस्ती मण्डल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति को जनपद बस्ती/संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर से प्रकाशित होने वाले एवं सर्वाधित प्रसार वाले 02 दैनिक समाचार-पत्रों में सहज दृश्य स्थान पर न्यूनतम स्थान एवं मूल्य पर प्रकाशित कराने तथा प्रकाशन के उपरांत सत्यापित बीजक भुगतान हेतु प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय, बस्ती (मो० 9050845808) को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

20 DEC 2024

(जयदेव सी०एस०)
मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती/नोडल अधिकारी, प्रवेश परीक्षा,
अटल आवासीय विद्यालय, बस्ती मण्डल।

Scanned with OKEN Scanner